तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट से पारदर्शी पंजीयन-बेमेतरा ...





11 हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना...




## खबर संक्षेप

### लूट का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(6),308(2),310(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रूआबांधा भिलाई निवासी सागर कंडरा उर्फ गंजा, सुभाष नगर दुर्ग तीरथ सोनकर,कुंदरा पारा पुलगांव भोला निषाद को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी जालम सिंह गुण्डरदेही जिला बालोद में रहने की जानकारी मिलने पर उसे पहुंचकर पकड़ा गया।

### होटल,लाज, ढाबा चेकिंग में पांच संदिग्ध गिरफ्त में

**भिलाई।** शहर के होटल, लॉज, ढाबा की चेकिंग में पुलिस ने पांच संदिग्धों को पकड़ा गया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि होटल न्यू इंडिया मार्केट दुर्ग में चेकिंग के दौरान पांच को पकड़ा गया जिसमें मेटेडारा गली सालूर पारवलीपुरम उड़िसा निवासी , टिकिरा स्ट्रीट कोरापुट उड़िसा अनंत पुजारी, कोरापुट उड़िसा एम.सत्सा राव, कोरापुट उड़िसा लक्ष्मी नारायण खिलो, ग्राम सालपगुडा पोस्ट पाहाफुलवेडा जिला कोरापुट दैतारी माली है। पूछताछ के दौरान सभी संदिग्ध पाए जाने पर मोबाईल चेक किया गया । मोबाईल में जादू टोना से जुड़े छायाचित्र, विडियों मिला जिसमें हनुमान छाप सिक्का, लक्ष्मी छाप सिक्का अन्य संदिग्ध छायाचत्रि मिले। जो उड़िसा से आकर आम नागरिकों को झांसे में लेकर ठगी करने का काम करते थे। सभी संदिग्धों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया। चेंकिग के दौरान एक के पास चाकू भी मिला है।

### जलकर नहीं भरा तो काटे जाएंगे नल कनेक्शन

**भिलाई।** भिलाई निगम ने जल उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। जिन लोगों ने जलकर की राशि जमा नहीं की है या अवैध नल कनेक्शन ले रखा है, उनके खिलाफ नल विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। निगम ने ऐसे सभी कनेक्शनधारियों को 31 अक्टूबर 2025 तक का समय दिया है कि वे अपने जोन कार्यालय में जाकर 3000 रुपए शुल्क जमा करें और अवैध कनेक्शन को नियमित कराएं।

### अधेड़ और युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**दुर्ग।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि पाटन स्थित ग्राम पंचायत पंदर के खेल मैदान में पेड पर ग्राम कुम्हाली पोस्ट पहुजा पाटन निवासी अरुण कुमार साहू फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक पेशे इलेक्ट्रिशियन था। शव को ग्रामीण खेल मैदान की ओर गए तो पेड़ पर लटका शव अरुण का मिला है।

# जिले में रहा मोंथा का असर, बारिश ने रोकी फसल की कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में भी मोंथा का असर रहा जिससे जनजीवन गुरुवार को जहां प्रभावित रहा वही बीते तीन दिनों से बदली रही जिसके चलते धान की फसल की कटाई एक तरह से रूक गई है। गुरुवार दिनभर बारिश हुई ओर कई खेतों में पानी भरा हुआ है।

वहीं मिट्टी गीली होने के चलते धान की कटाई करने से किसान बच रहे हैं। किसानों को मौसम से सीधे नुकसान दिखाई दे रहा है। बारिश की वजह से खेतों में पक चुकी धान की खड़ी फसल को नुकसान है। वहीं कुछ किसानों द्वारा खेतों में काटकर रखे गए फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है। खेतों में इस वर्ष काफी मशक्कत के बाद धान की अच्छी फसल दिखाई दे रही है, लेकिन मौसम की मार से धान की फसल के नुकसान की संभावना भी बनी हुई है। मौसम में बदलाव और फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर किसानों ने कहा कि वर्तमान की वर्षा फसलों के लिए नुकसानदायक है। बारिश से बलियां टूटकर खेत में गिरेगी और जमीन में नमी होने के चलते फसल की कटाई प्रभावित होगी। वहीं जो फसल कट चुकी है, उसे अधिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस मौसम का असर सबसे ज्यादा सब्जियों में कीट के प्रकोप में दिखाई देगा। यह बारिश रबी फसल के लिए फायदेमंद हो सकती है।

## धान खरीदी के पहले कटाई में जुटे थे अन्नदाता, सब्जियों पर भी मौसम का असर

### हार्वेस्टर से नहीं हो पा रही कटाई

क्षेत्र के किसानों ने कहा कि खेतों में खड़ी धान की फसल को काटने के लिए हार्वेस्टर की बुकिंग पहले ही कर ली थी और दीपावली के बाद धान कटाई को लेकर समय लिया गया था, लेकिन जमीन गीली होने के चलते हार्वेस्टर नहीं उतर पा रहे हैं। जिसकी वजह से हार्वेस्टर से धान की कटाई लगभग एक सप्ताह तक संभव दिखाई नहीं दे रही है। वहीं मौसम ऐसा ही बना रहा है तो आगे और हार्वेस्टर से कतई नहीं हो पाएगी। जिससे अब किसानों को मजदूरों के जरिये फसल की कटाई करनी पड़ेगी।



**बदली, कोहरा से मुसीबत:** बारिश के बाद मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हुआ है। सुबह धुंध और दिनभर बदली बनी हुई है। बदली की वजह से नमी के चलते धान और सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा है। जिससे किसानों की चिता बढ़ी हुई है। खासकर खलिहान में रखी हुई धान की कटी फसल को अधिक नुकसान दिखाई दे रहा है।

### सब्जियों में बढ़ेगा कीट का प्रकोप

मौसम में आए बदलाव के चलते सब्जियों की फसल भी प्रभावित हो रही है। किसान गिरधर ने बताया कि खासकर सेमी, गोभी और बरबट्टी की फसल को खासा नुकसान दिखाई दे रहा है। इनमें कीट भी जल्द लगने की संभावना होती है। बीते दिनों बारिश और इसके बाद बदली मौसम के चलते सब्जियां खराब हो रही है। ठंड के दिनों में सब्जियों की आवक अच्छी रहती है। जिससे दाम घटे हैं, लेकिन मौसम में बदलाव की वजह से सब्जियों की फसल पर इसका असर दिखाई देगा।

## समस्या

### चारा-पानी के अभाव में मवेशियों की हो रही मौत

# बदहाल गौशाला में भूख-प्यास से तड़पकर मर रहे हैं मवेशी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

- रात में गायों को भगाकर झुंड में कुत्ते मार देते हैं बछड़े, धूप-बारिश में बेसहारा पड़े मवेशी : चरवाहा

साजा विधानसभा के देवकर से 4 किमी दूरी पर स्थित ग्राम सहसपुर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। नवीन तहसील देवकर के अंतर्गत ग्राम सहसपुर में विगत 4 माह से ग्राम के किसानों द्वारा घुमंतू गायों को खेल मैदान में रखा गया है। मवेशी कि बदहाल स्थिति कि जानकारी मिलने पर जब गांव में घुसने से पहले कुछ ग्रामीणों से जब इसकी जानकारी ली गई तो ऐसी घटना से साफ इंकार कर दिया, वही कुछ लोगों ने गांव का मामला बताकर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

जब इस बात कि सत्यता जानने के लिए खेल मैदान में देखा गया तब वहां का दृश्य मानवता को शर्मसार करने वाला और मन को विचलित करने वाला था। खेल मैदान में बछड़ा के दो शव को कौवा नोच रहे थे ,वही दम तोड़ चुके एक बछड़ा को उसकी (मां) गाय चाट कर दुलार कर रही थी। इसके अलावा खेल मैदान घेरा के बाहर कई गायों के अवशेष पड़े हुए थे, जिसे आवारा कुत्तों के द्वारा नोंचा जा रहा था। पास में ही मौजूद चरवाहे ने बताया कि रात में गाय (मां) को भगाकर अवारा कुत्तों का झुंड बछड़े को आसानी शिकार बनाते हैं। बिना पानी चारा और छाया के धूप, पानी बरसात, ठंड में खुले खेल मैदान के अंदर तकरीबन 100 से 150 गायों को मरने के लिए छोड़ दिया गया है। प्रशासन द्वारा आज तक इसकी सुध नहीं ली है। ग्रामीणों के अनुसार अन्य गांव के गायों को रात में माल वाहक गाड़ी से लाकर छोड़ देते हैं, जिससे फसल चराई से बचाने के लिए किसानों के द्वारा मवेशी को खेल मैदान में रखा गया है।

इसकी निगरानी बारी बारी से गांव के लोगों द्वारा कि जाती है। पर इससे उलट कुछ लोगों ने नाम ना छापने के शर्त पर बताया कि चार माह से यहां गाय को बदहाल अवस्था में रखा गया है। कभी कभी पैरा का व्यवस्था कर देते हैं, पर रोज उचित मात्रा में चारा और पानी के अभाव में हफ्ते में एक दो गाय कि अकाल मौत हो जाती है, जिसे खुले में फेंक दिया जाता है, जिससे बीमारी फैलने कि संभावना बन जाती है। पास में ही खेल रहे 13 से 14 साल के बच्चे ने बताया कि यहां इसकी देखभाल के लिए कोई नहीं रहता। जब कभी मन करता है तो शाम को बाहर टंकी में भरा पानी को पिलाकर फिर अंदर कर देते हैं। यह ▶▶| शेष पेज 11 पर



### फंड से आहरित किया

ग्राम के पूर्व सरपंच और परपोड़ी मंडल भाजपा महामंत्री डॉक्टर कमलेश साहू ने बताया कि मुझे पंचायत सूत्रों से जानकारी मिली है कि 2 महीने पहले चारा व्यवस्था के लिए 30 से 40 हजार रुपए पंचायत फंड से आहरित किया गया है।

**डॉ कमलेश साहू, पूर्व सरपंच एवं परपोड़ी मंडल भाजपा महामंत्री, सहसपुर**

### होगी कार्रवाई

वेटनरी डॉक्टर को भेजकर कारण का पता लगाती हूं, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही कि बात भी कही गई है।

**हर्ष लता वर्मा, एसडीएम, साजा**

## अभद्र टिप्पणी से नाराज अग्रवाल समाज ने कार्रवाई की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

- सैकड़ों लोगों ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल द्वारा महाराज अग्रसेन के उपर किये गये अभद्र टिप्पणी के खिलाफ गुरुवार आक्रोशित नगर के अग्रवाल समाज के लोगो ने नारेबाजी करते हुए थाना पहुँचकर थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा व तहसीलदार मोरध्वज साहू को ज्ञापन सौपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी है।

समाज ने ज्ञापन के माध्यम से बघेल के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की पूरजोर मांग की है,इस मामले को लेकर तहसीलदार को सौपे ज्ञापन मे भी आमर्यादित बयान पर आपत्ति जताते हुए समाज को तोङने वाले के विरूद्ध सक्षम कार्रवाई करने की मांग रखी गयी है। गुरूवार को अग्रवाल समाज के लोगो ने गोल बाजार स्थित सेठ गुलाबदास धर्मशाला मे आवश्यक बैठक आहूत कर अमित बघेल की अमर्यादित बयान की कडी निंदा करते हुए वहाँ से रैली के रूप बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए थाना पहुँचकर अपना विरोध दर्ज कराया।थाना प्रभारी को सौपे गये ज्ञापन मे समाज के लोगो ने अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कठोर कार्रवाई नही की जाती है तो उग्र आन्दोलन करने की चेतावनी भी दिया है। आक्रोशित अग्रवाल समाज के लोगो ने कहा कि प्रदेश की धरती आपसी भाईचारे व सौहार्द्र की रही है जहाँ पर सभी वर्ग के लोग एकजुट होकर रहते है,अमित बघेल जैसे लोग कथित अमर्यादित व भड़काऊ बयानबाजी कर समाज में वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहे है ▶▶| शेष पेज 11 पर

# पूर्व पंजीकृत वाहनों में अनिवार्य रूप से लगाना होगा एचएसआरपी नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परिवहन विभाग ने 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने जानकारी दी कि जिले में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व लगभग 49 हजार वाहन पंजीकृत हैं। 28 अक्टूबर 2025 तक कुल 21,496 वाहनों के मालिकों द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत 49 हजार वाहनों की तुलना में केवल 43 प्रतिशत वाहन मालिकों द्वारा ही एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं, जबकि शेष वाहन मालिकों द्वारा अब तक आवेदन नहीं किया गया है। अब तक 12,569 वाहनों में ही एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई गई है, जो अपेक्षाकृत कम है। विभाग द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कई वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगाई गई है। इस पर गंभीरता से ध्यान देते हुए विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए बिना किसी भी वाहन से संबंधित कार्य नहीं किया जाएगा।

### नंबर प्लेट लगाने के अनेक फायदे

केंद्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधान के तहत देशभर के वाहनों के नंबर प्लेट में एकरूपता आती है। प्लेट एल्यूमिनियम की होने के कारण इसकी टूटने की संभावना कम रहती है। प्लेट के परावर्तक गुण के कारण रात्रि में प्रकाश पड़ने पर स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। वाहन के निर्माता द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जाती है, जिससे इसे निकालना या बदलना कठिन होता है और वाहनों के विभिन्न अपराधों में दुरुपयोग की संभावना समाप्त होती है। वाहन के नंबर प्लेट के अलावा एक विशिष्ट पहचान कोड (लेज़र कोड) से लैस रहता है। अतः परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे तत्काल अपने वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाएं। इसके लिए नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र अथवा परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से तुरंत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा प्लेट लगवाने की प्रक्रिया पूरी करें। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि 1 नवम्बर 2025 से जिन वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगी होगी, उनके परिवहन संबंधी कार्य नियमानुसार कार्यालय में नहीं किए जाएंगे।

13 नामजद शिकायत, भाजपा-कांग्रेस नेताओं के नाम चर्चा में

# हिट एण्ड रन केस में नया विवाद, आरोपी चालक के पिता ने की शिकायत, 13 पर तोड़फोड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तेज रफ्तार की डिफेंडर से मचे कहर के बाद अब मामला सियासी और कानूनी दोनों मोर्चों पर गर्मा गया है। हादसे ने एक परिवार की जिंदगी उजाड़ दी, उसी के बाद मची तोड़फोड़ पर अब पुलिस ने अलग मामला दर्ज कर किया है।

बताया जा रहा है कि इनमें कई स्थानीय राजनीतिक दलों के सक्रिय चेहरे शामिल है। दरअसल रविवार रात बेमेतरा–रायपुर मार्ग पर कंतेली के पास हुई भीषण दुर्घटना ने पूरे जिले को दहला दिया। काली डिफेंडर चला रहा मेहर सिंह सलूजा उर्फ क्रिश (19 वर्ष) बेकाबू होकर मालवाहक से भिड़ंत हो गई ओर सड़क पर दौड़ती डिफेंडर राह चलते अन्य राहगीर को चपेट में ले ली। इस दुर्घटना में बगौद निवासी जीवन राम साहू की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद शहर में गुस्सा फूट पड़ा ,सियासत आई लोगों ने आरोपी के घर और प्रतिष्ठान पर धावा बोल दिया, तोड़फोड़ की और नारेबाजी किए। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### सीसी टीवी फुटेज से मिलेगी सुराग

बलमीत सिंह ने बताया कि उनके घर में लगे कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। पुलिस ने फुटेज जब्त कर लिया है और चेहरों की पहचान की जा रही है। एसपी बेमेतरा ने कहा - दोनों पक्षों की शिकायतों पर समान रूप से जांच चल रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कठोर कार्रवाई होगी।

### 24 घंटे में गिरफ्तारी जेल भेजा गया चालक युवक

पुलिस ने घटना को देर से गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के भीतर चालक युवक को गिरफ्तार किया और उसके ऊपर धारा 281, 125(ए), 105 बीएनएस और 112/183 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसके उपरांत मेहर सिंह सलूजा को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। घटना के बाद चालक मेहर सिंह क्रिश के पिता बलमीत सिंह सलूजा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार शाम उग्र भीड़ ने उनके घर और दुकान में घुसकर तोड़फोड़, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है। हम भी कानून के सहारे न्याय चाहते हैं, पर जिसने गलती की है। उसकी सजा हमें क्यों दी जा रही है? इस रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 191(2), 296, 351(3), 324(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## युवा पीढ़ी समाज की नींव, नशा से दूर रहें : शर्मा

# नशापान पर पूर्णतः रोक लगाने चलाया जाएगा सघन अभियान: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर “नशा मुक्त भारत अभियान” के अंतर्गत जिले को पूर्णतः नशा मुक्त जिला बनाने हेतु ठोस रणनीति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन, सुझाव और दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि समाज में फैल रही नशे की कुरीतियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाना समय की आवश्यकता है।




कलेक्टर शर्मा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के पतन का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि “नशा, नाश की जड़ है। जहां नशा होता है, वहां विवेक समाप्त हो जाता है।” नशापान से घर-परिवारों में कलह और क्लेश उत्पन्न होता है, व्यक्ति की संवेदनशीलता खत्म हो जाती है और वह जघन्य अपराधों में संलिप्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि नशापान से न केवल लोक शांति भंग होती है, बल्कि संपत्तियों का ह्रास और समाज में अशांति का माहौल भी बनता है। कलेक्टर ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश और समाज की नींव है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए, क्योंकि यही पीढ़ी भारत के उज्ज्वल भविष्य की धुरी है। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में नशा उन्मूलन के लिए सघन जन-जागरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि संगोष्ठियों, जनसभाओं और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को नशापान से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों से संवेदनशील अपील की कि वे स्वयं नशापान से दूर रहें और दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपनी सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध या जहरीली शराब का विक्रय बिल्कुल नहीं होना चाहिए। इस दिशा में कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शैक्षणिक संस्थानों स्कूलों और कॉलेजों के आसपास संचालित किसी भी नशापान की दुकान पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं के हित में प्रशासन पूर्ण सख्ती से कार्य करेगा। कलेक्टर ने अंत में कहा कि नशा त्यागना ही नहीं, दूसरों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना भी एक सामाजिक जिम्मेदारी है। मिलकर ही हम नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में गड़बड़ी, धान को टमाटर व गिदावली को शून्य लिखा

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

- गिरदावली रिपोर्ट में भारी त्रुटियां, किसानों के साथ धोखा

तहसील क्षेत्र में धान खरीदी के पूर्व गिरदावली रिपोर्ट तैयार करने इस बार डिजिटल क्राप सर्वे पटवारीयो के माध्यम से गैर शासकीय युवको से कराई गयी थी जिसमे तहसीलदार को मिली गङबङी की शिकायत के बाद पटवारी जानकी रात्रे ग्राम बनरांका पहूंचकर किसान अजय शर्मा की खसरा नं 25 की 3 एकङ भूमि मे लगे धान की फसल को शून्य घोषित करने का सर्वे किया। जिस पर शिकायत सही पाया गया इसी प्रकार अजय शर्मा के पिता के नाम ग्राम टिपन के खसरा नं 212/3 जिसमें धान की फसल खडी है।



उक्त भूमि के 25 आरए को प्रकाशित सूचि में टमाटर फसल बताया गया है। जिसकी जांच अभी बाकी है। अब किसान गिरदावली रिपोर्ट की त्रुटि सुधार में आने वाली तकनीकी परेशानी से राजस्व विभाग के सारे अमले भी परेशान है। कुल मिलाकर सर्वे रिपोर्ट ने किसान के साथ साथ पटवारी,आर आई व राजस्व अधिकारियों के लिए परेशानी का शबब बना हुआ है। थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे चौतरफा शिकायत के बाद तहसीलदार मोरधवज साहू ने सुधार कार्य की गति को तेज किया है।

गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र मे खरीफ फसल की गिरदावरी रिपोर्ट मे गड़बड़ी की बडी संख्या में शिकायते मिल रही है वही त्रुटि सुधारने 14 अक्तूबर तक ही आवेदन की अंतिम समय सीमा भी राजस्व विभाग ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### यूनियन ने सेवानिवृत हो रहे पदाधिकारियों का किया सम्मान

**भिलाई।** भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन ने अपने सेवा निवृत हो रहे यूनियन पदाधिकारियों के सम्मान किया। जोरको कैफे सेक्टर 10 में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष हरिराम यादव तथा महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने सेवानिवृत हो रहे देव सिंह चौहान (उप महासचिव) आदित्य माथुर (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) संजय पांडेय (वरिष्ठ सचिव) का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। यूनियन के अध्यक्ष हरिराम यादव ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत हो रहे साथियों के अच्छे स्वास्थ्य तथा सुखमय भविष्य की कामना की। महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार से अपने कर्मचारियों के हित में कार्य किए हैं, आपके अनुभव का लाभ यूनियन के युवा पदाधिकारीयों को मिलना चाहिए । इस अवसर पर व्ही के सिंह, संजय शर्मा, उमापति राव, धर्मेंद्र बंजारे, बृज कुमार सिंह, साजिद हुसैन, इंद्रजीत सिंह, रघुवर गोंड, कृष्ण बलराम यादव, ओमप्रकाश पासवान, आदि उपस्थित थे।

### खालसा महाविद्यालय में युवा विमर्श कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, भिलाई-दुर्ग शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 21वीं सदी के युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद का संदेश विषय पर युवा विमर्श कार्यक्रम का आयोजन खालसा महाविद्यालयमें किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमंत राव विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार तिवारी ने की। मुख्य वक्ता हनुमंत राव ने कहा कि समाज सेवा के लिए त्याग आवश्यक है और त्याग की भावना राष्ट्रप्रेम से उत्पन्न होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय चेतना को जागृत कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं 19 वीं सदी में दी गई उनकी शिक्षा आज के युवाओं के लिए सबसे ज्यादा प्रेरणाप्रद है। हमें उनके पदचिन्हों पर चलते हुए देश के विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए।

### 1314 विद्यार्थियों का हुआ बायोमेट्रिक अपडेशन

**दुर्ग।** जिले में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन एवं आधार अपडेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 नवम्बर तक सभी चिन्हित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में यह कार्य पूर्ण किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दूसरे दिन जिले के 34 केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए गए, जिनमें कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा मशीनों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक एवं आधार अद्यतन किया गया।

# जनसंख्या विस्फोट से उद्वेलित फौजी देशव्यापी जागरुकता अभियान पर निकला, कहा-बेरोजगारी और अपराध से लेकर महंगाई की जड़ में आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अस्सी के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के परिवार नियोजन के लिए सख्त अभियान शुरु करने और बाद की सरकारों के लोगों को जागरूक करने के बाद भी आज देश की आबादी डेढ़ अरब होने को है। इस बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या से चौतरफा विकराल होती विकट समस्याओं ने एक संवेदनशील फौजी को इस कदर उद्वेलित किया कि उन्होंने इस सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही पापुलेशन को नियंत्रित कर देशव्यापी जागरुकता मुहिम चलाने का बीड़ा उठा लिया। मैं अकेला ही चला था जानिबे मंजिल मगर लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गया... शेर को चरितार्थ करते सरहद को महफूज रखने के बाद अब अपने प्यारे भारत को खुशहाल बनाने अकेले ही कई राज्य नाप डाले और ,छोटा परिवार सुखी परिवार और खुशहाल देश, का पैगाम दे रहे हैं। अपने इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत लघु भारत भिलाई में घूम घूमकर हाथों में पोस्टर लेकर जन संख्या नियंत्रण के लिए लोगों को संदेश दे रहे यह पोस्टर ब्वाय लोगों की प्रेरणा और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लंबे समय तक सेना में देश रक्षा करते हुए रिटायर फौजी कैथल हरियाणा के 42 वर्षीय सुरेश मुंजाल बताते हैं कि भारत में बेरोजगारी से लेकर अपराध तक अधिकतर कई बड़ी समस्याओं की जड़ कोरोना की तरह बढ़ रही जनसंख्या है। यदि हम अपने देश से सच्चे अर्थो में प्रेम करते हैं तो इस आबादी के विस्फोट को नियंत्रित करने सबको जागरुकता दिखाना होगा। कभी पैदल तो कभी लिफ्ट लेकर कैथल से लोगों को जागरुक करने निकले श्री मुंजाल का कहना है कि मेरा यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक भारत सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून नहीं बना लेती है।

### अधिकतर अपराध बेरोजगार करते हैं

हरियाणा, पंजाब के अमृतसर अबोहर, पटियाला, भोपाल इंदौरा व राजनांदगांव से भिलाई में लोगों को जागरुक करने पहुंचे श्री मुंजाल बताते हैं कि भारत में जैसे जैसे आबादी बढ़ेगी इसी अनुपात में बेरोजगारी, गरीबी, हत्या, चोरी डकैती नशा जैसे जघन्य अपराध बढ़ते जाएंगे। आतंकवाद, दंगे से लेकर सभी समस्याओं के मूल में जनसंख्या है। एक नौकरीशुदा व्यक्ति अपराध कम करता है बेकार आदमी पैसों आदि अपनी जरुरतों को पूरा करने अपराध करता है। आबादी के अनुपात में भारत में जमीन कम है। यहां प्रति व्यक्ति एक बीघ जमीन भी नहीं है जबकि 3 करोड़ वाले कनाडा व आस्ट्रेलिया में तीन बीघा से अधिक प्रति व्यक्ति जमीन है।

### छोटा परिवार खुशहाल देश का दे रहा संदेश



### नुक्कड़ों में पोस्टर से लोगों को कर रहा जागरूक

रिटायर फौजी ने बताया कि मैं शहर शहर व कस्बे कस्बे गांव गांव नुक्कड़ों में अकेले लोगों को अपना जनसंख्या नियंत्रण वाला समस्यामूलक पोस्टर दिखाकर लोगों को कम बच्चे पैदा कर छोटा परिवार खुशहाल देश बनाने कहकर जागरुक करता है। युवाओं से मेरे इस पोस्टर व संदेश को पीएम व नेता प्रतिपक्ष सहित सभी दलों तक भी पहुंचाने सोशल मीडिया के जरिए भेजकर कानून बनाने आग्रह करता हूं। अपने अभियान के लिए मुझे कोई स्पांसर नहीं करता और अकेले ही रास्ते में चाय पानी खाना सभी अपने पैसे से करता हूं। वे बताते हैं कि मैं इसी तरह पूरे देश में घूमकर आबादी नियंत्रण कानून बनते तक लोगों को जागरुक करता रहूंगा।

### युद्ध से लेकर महंगाई तक समस्याओं का मुख्य कारण हमारी जनसंख्या

भिलाई में बाजारों और चौराहों में लोगों को अपने प्रभावी नपे तुले समस्यामूलक वाक्यों से प्रभावित करते रिटायर फौजी सुरेश मुंजाल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि फौज व अपने परिवार में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद मैंने चिंतन किया कि भारत में युद्ध से लेकर महंगाई तक बहुत सी समस्याओं का मुख्य कारण हमारी बढ़ती जनसंख्या ही है। इसलिए लोगों को जागरुक करने डेढ़ साल पूर्व अपने गृह नगर कैथल से देशव्यापी जनसंख्या नियंत्रण जागरुकता अभियान पर निकले हैं। अधिक बच्चे पैदा करने में किसी जाति विशेष नहीं बल्कि हर जाति व वर्ग जिम्मेदार है। वे बताते हैं कि मैं किसी दल या संगठन विशेष से नहीं जुड़ा हू और अपने देश से निस्वार्थ प्रेम करने वाला एमएएलएलबी पास यानी पढ़ा लिखा व्यक्ति हूं। मेरी मांग है कि पीएम मोदी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित सभी दलों के लोग जन संख्या रोकने कानून बनाने सरकार स्तर पर प्रयास करें। इसमें युवाओं के दबाव की बढ़ी भूमिका होगी। क्योंकि यदि हमारे भारत की आबादी इसी तेजी से बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं जब देश में जमीन ही नहीं बल्कि अन्न, जल व कपड़े तक के लिए मारकाट की स्थिति बन जाएगी। इसे न पुलिस नियंत्रित कर पाएगी न सेना ही।

## कुरुद में अस्पताल के सामने चमक, आगे नरक, हर कदम पर खतरा

# विकास की पोल खोलती सड़कें...कैम्प-1 से कुरुद और कचांदुर मार्ग पर गड्ढोंभरा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के तहत आने वाले कई इलाकों में सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग अब सड़क नहीं, गड्ढों में चल रहे हैं। सबसे बुरा हाल कुरूद इलाके का है।

साक्षरता चौक से लेकर शास्त्री नगर वार्ड 27, कांट्रेक्टर कॉलोनी वार्ड 18, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर छोटू स्वीट्स के पास, वैशालीनगर वार्ड 20, शांति नगर स्टेडियम के आसपास, वार्ड 22 कुरूद बस्ती की सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। बरसात में ये सड़कें दलदल बन जाती है। कुरुद से चंदूलाल चंद्राकार अस्पताल जाने वाली रोड पर तो हाल और भी खराब है। अस्पताल के सामने सड़क तो ठीक है, लेकिन कुछ ही मीटर आगे गड्ढों की लाइन शुरू हो जाती है। मरीजों और एंबुलेंस तक को आने-जाने में दिक्कत होती है। कचांदुर से भिलाई को जोड़ने वाली सड़क भी पूरी तरह टूट चुकी है। लोगों का कहना है कि सालों से इस रोड की मरम्मत नहीं हुई। धूल उड़ने और गड्ढों की वजह से दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं।

### शांति नगर, कांट्रेक्टर कॉलोनी, कुरूद के लोग ज्यादा परेशान







### गड्ढे में गिरकर कई लोग हुए घायल



करंजा भिलाई निवासी धीरेंद्र निषाद का कहना है कि कचांदुर-ढौर से भिलाई और भिलाई से कचांदुर-ढौर जाने का यही एकमात्र रास्ता है जिसमें शुरू से लेकर आखिरी तक सड़क पर कई बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। रोज सैकड़ों लोग यहां से गुजरते हैं, लेकिन हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। कुरुद से चंदूलाल चंद्राकार शासकीय अस्पताल जाने वाली रोड और कुरूद से ही कचांदुर जाने वाली रोड काफी जर्जर हो गई है। अस्पताल के सामने चमचमाता सड़क जरूर है लेकिन इसके कुछ ही आगे रोड काफी लंबे दूरी तक जर्जर है। इससे मरीजों को भी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इस रोड पर गड्ढे में गिरकर कई लोग घायल भी हो चुके हैं।

### लंबे समय से सड़क का नहीं हुआ है संधारण



कुरुद वार्ड 22 निवासी निवासी जोहन लाल यादव ने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कचांदुर जाने के लिए चंदूलाल चंद्राकार शासकीय अस्पताल के बाजू से एक कच्चा रोड गया हुआ है जिसे लोग इस्तेमाल करते हैं लेकिन बरसात के दिनों में यह सड़क दलदल में बदल जाता है। इससे लोगों का आवागमन बंद रहता है। कुरूद से कचंदूर के लिए एक अलग से भी रास्ता है जो काफी जर्जर हो गया है। लंबे समय से सड़क का संधारण नहीं हुआ है। स्थानीय पार्षद अनिता साहू से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन स्थिति जस की तस है।



### जल्द बनेगी सड़क

चन्दूलाल शासकीय अस्पताल के बगल से जो कच्चा रास्ता कचांदुर के लिए निकला है उसमें सड़क निर्माण का आदेश पारित हो चुका है। वहीं कुरूद से कचांदुर-ढौर सड़क दो हिस्सों बंटा है। पुलिया के इस पार वैशालीनगर विधानसभा और उस पार अहिवारा विधानसभा में आता है। यहां की सड़क पक्की है, लेकिन काफी जर्जर भी है। - **अनिता अजय साहू,** पार्षद पति वार्ड 22 करूद बस्ती

### प्रस्ताव पारित

शास्त्री नगर में डामरीकरण के लिए 49 लाख रुपए पास हो चुका है। साक्षरता चौक से तीन दर्शन मंदिर 18 नंबर रोड, बीएसपी स्कूल से मुक्तिधाम तक डामरीकरण का कार्य किया जाना है। डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात की गई थी। अब जाकर डामकरीकरण का प्रस्ताव पारित हुआ है। सड़क बनने से वार्डवासियों को परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।- **लक्ष्मीबाई साहू,** पार्षद वार्ड 27, शास्त्रीनगर भिलाई

### 70 लाख रुपए से होगा डामरीकरण

क्षेत्र की सड़कें काफी जर्जर हो चुकी हैं। इसके संधारण के लिए 70 लाख रुपए पास हो गया है। कर्मा चौक से इंदिरा चौक, कर्मा चौक से ईथराज टॉवर, ईथराज टॉवर होते हुए त्रिमूर्ति मंदिर तक मौसम खुलते ही संधारण कार्य शुरू किया जाएगा।
**-लालचंद वर्मा,** पार्षद वार्ड 18 कांट्रैक्टर कॉलोनी, भिलाई

### सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने कर रहे प्रेक्टिस, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का होगा चयन



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया सेल के तत्वावधान में भिलाई स्टील प्लांट द्वारा 10 से 15 नवंबर तक आयोजित सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम भी भाग लेगी। टीम के चयन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में किया गया। इस चयन स्पर्धा में 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन खिलाड़ियों के बैटिंग बॉलिंग और फील्डिंग के प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस चयन इस स्पर्धा के चयनकर्ता वी मोहनदास और राजा बनर्जी और प्रभारी बीएसपी के उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक उपस्थित थे।

### डीएमएफ फंड से बन रहे शौचालय जल्द पूरे करने के निर्देश



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार को जोन क्रमांक 3 के मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, और टाटा लाइन इलाके की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को प्रतिदिन कचरा एकत्र कर तुरंत उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ मद से बन रहे सुलभ शौचालयों का भी निरीक्षण किया और साफ कहा कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर जनता के लिए शुरू किया जाए।मार्केट इलाके में व्यापारियों और आम नागरिकों की सुविधा के लिए ये शौचालय बनाए जा रहे हैं। इसी तरह लिंक रोड सूर्य नगर में बन रहे सुलभ शौचालय के काम में भी गति लाने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कचरा खुले में फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देश दिया गया है कि ऐसे मामलों में तुरंत चालानी कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव उपस्थित थे।

# अहिवारा के सीएमओ पर पैसों की डिमांड का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अहिवारा नगर पालिका परिषद के सीएमओ अंकुर पांडेय पर बिल पास कराने के नाम पर 50 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप लगा है। यह आरोप दो लोगों ने लगाया गया है। पहला आरोप पीएम आवास योजना से जुड़े आवास प्रेरक अंशुल मोराने ने लगाया है। अंशुल ने सीएमओ का पैसे के लिए दबाव बनाने एक ऑडियो भी बनाया था। जो अब वायरल हो रहा है। दूसरी शिकायत पीएम आवास योजना के तहत काम करने वाले वास्तुविद सलाहकार ने लगाया है। सीएमओ ने इस वाइस को एआई जनरेटेड बताया है। उन्होंने कहा मुझे फंसाने की साजिश की जा रही है। अहिवारा नपाप और जामुल पाप में सीएलटीसी (आवास प्रेरक) अंशुल ने शिकायत में बताया कि 30 अप्रैल को वास्तुविद सलाहकार आर्किटेक्ट राहुल देवकर को 5,78,070 रुपए का भुगतान किया गया था। भुगतान के एवज में सीएमओ ने उनसे 50% यानी करीब 2.89 लाख रुपए की मांग की। आरोप है कि दबाव बनाने के बाद उन्हें कैश 1.39 लाख रुपए दिया गया। लेकिन इसके बाद भी सीएमओ ने बची राशि के लिए दबाव बनाया और नौकरी से हटाने की धमकी दी। ऑडियो वायरल होने के बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। भिलाई तीन एसडीएम महेश सिंह राजपूत मामले की जांच कर रहे हैं। अंकुर पांडेय को जांच के लिए पूछताछ के लिए बुलाया गया।

### आडियो एआई से जनरेटेड है

आडियों एआई से जनरेटेड वाइस है। कुछ मामलों में मैंने प्रतिनिधियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है और नोटिस भेजा है। अंशुल मोरे और चितरंजन अग्रवाल के खिलाफ पहले भी आर्थिक अनियमितता की शिकायत आई थी। अब वो लोग मुझे गलत तरीके से फंसाने के लिए इस तरह की साजिश कर रहे हैं। इसकी जानकारी पुलिस समेत अपने उच्च अधिकारियों को दी है। ऑडियो पूरी तरह फर्जी है। **अंकुर पाण्डेय,** सीएमओ अहिवारा नगर पालिका परिषद

# जोखिम में जान : ट्विनसिटी में दौड़ रहीं लाइफ सपोर्ट लेस एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्विनसिटी में एंबुलेंस को लेकर लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ सकती है। कई निजी अस्पतलों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की सड़कों पर दौड़ने वाली ऐसी एंबुलेंसें हैं, जिनमें लाइफ सपोर्ट सिस्टम नहीं है। एंबूलेंस के नाम पर मारुति वैन में गंभीर मरीजो को जांच के लिए लाने ले जाने से उनकी जान जोखिम मे होती है। इस मामले में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई दुर्ग में कुछ बड़े निजी अस्पतालों के पास ही ऐसी एंबूलेंसें हैं, जिनमें लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक शासन की गाइड लाइन के अनुसार एंबूलेंस में आक्सीजन, बीपी, हार्ट बीट आदि उपकरणों का अटैच होना जरुरी है। इसके साथ ही नर्सिंग स्टाफ भी होना चाहिए। अति गंभीर मरीजों का डायग्नोस्टिक अस्पताल में ही करना अनिवार्य है या फिर नर्स व डाक्टर का साथ में जांच केंद्र तक मौजूद होना जरुरी है। लेकिन ट्विनसिटी में कई निजी अस्पतालों ने पैसे बचाने के लिए सामान्य मारुति वैन को ही एंबुलेंस का रुप देकर इनमें मरीजो को अपने अस्पतालों से एमआरआई, सिटी स्कैन आदि टेस्ट के लिए आधा से दो किमी तक दूर बिना लाइफ सपोर्ट वाली मारुति वैन की एंबुलेंस पर ही डाग्नोस्टिक सेंटर भेजा व वापस लाया जा रहा है। यानी करीबन आधा से एक घंटा अस्पताल में उपचारार्थ मरीज टेस्ट कराने के दौरान बाहर होता है। इस दौरान रास्ते में अचानक बीपी शुगर व हार्ट बीट असंतुलित होने से मरीज की जान खतरा बढ़ जाता है। उसकी जान तक जा सकती है। पिछले साल छह महीने में कुछ मरीजों की मौत रास्ते में या फिर लौटने पर घंटे भर के हो चुकी है।

### सभी अस्पतालों में नहीं है टेस्ट उपकरण

भिलाई दुर्ग में ऐसे कई निजी अस्पताल हैं, जहां एमआरआई, सीटी स्कैन आदि कई बीमारियों का पता लगाने यह मशीनें नहीं हैं। यदि हैं भी तो गाहे बगाहे सीटी व एमआरआई मशीनें बिगड़ी होने पर बाहर डाग्नोस्टिक सेंटर में मरीजों को भेजा जाता है। सूत्र बताते हैं कि मारुति वैन को एंबूलेंस बनाकर चलाने व इनमें आक्सीजन सिलेंडर व बीपी शुगर आदि मापक यंत्र नहीं लगे होने से जान पर खतरा बना होता है। कुछ छोटे अस्पतालों के इन एंबूलेसों के साथ सिर्फ एक अटेंडेंट हो भेज दिया जा रहा है।

# टेनिस सर्विस, नियम और अण्डरहैण्ड्स के खिलाड़ियों को बताई टेक्निक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा महिला महाविद्यालय वॉलीबॉल मैदान में भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों द्वारा नए खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाए गये। भूतपूर्व खिलाड़ियों द्वारा वर्तमान खिलाड़ियों को खेल शिक्षा की ये दूसरी कड़ी का कार्यक्रम था, पहली कड़ी में कबड्डी के भूतपूर्व खिलाड़ी छात्राओं ने नए खिलाड़ियों को महाविद्यालय में टेकनिक्स सिखाई थी।इस दौरान लगातार विजेता टीम का हिस्सा रहीं भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी मनीषा खरे ने खिलाड़ियों को टेनिस सर्विस, सर्विस के नियम और अण्डरहैण्ड्स सर्विस की जानकारी देते हुए प्रायोगिक रूप से करके दिखाया, वहीं मनप्रीत कौर ने खिलाड़ियों को बॉल लिफ्टिंग, खिलाड़ियों के अनुसार बॉल बनाना सिखाया। अनुष्का निषाद ने खिलाड़ियों को ब्लॉक करने का तरीका बताया। इस अवसर पर भूतपूर्व खिलाड़ी एवं महाविद्यालय की वर्तमान टीम ने प्रदर्शन मैच खेला।

जिसमें भूतपूर्व खिलाड़ी टीम 25–18, 25–15 से विजेता रही। मनीषा, मनप्रीत, अनुष्का ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। वहीं महाविद्यालय टीम की दिप्ती राठौर, कोमल सिंह, रेणुका, नीरझरा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव ने भी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भूतपूर्व खिलाड़ी छात्राओं का महाविद्यालय से जुड़ा रहना जरूरी है ताकि वे अपने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत रहें और अपनी छोटी बहनों को अपना अनुभव साझा कर सके।कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, प्रिया साव, मनस्वी निर्मलकर, मानश्री मौर्या, चंचल यादव, नंदनी नायक, भौमिता साहू, मानसी सिंह ठाकुर, हर्षिता सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# एग्रीस्टैक किसानों के लिए बना परेशानी का सबब, मॉनिटरिंग एजेंसी जिला सहकारी बैंक भी समस्या का नहीं कर पा रही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला सहकारी बैंक दुर्ग की लापरवाही का खामियाजा जिले के किसान भुगत रहे हैं। एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन को लेकर वे खासे परेशान है। सहकारी समितियों में उनकी सुनवाई नहीं हो रही है, उन्हें समस्याओं का निराकरण किए बिना ही लौटाया जा रहा है। वहीं जिला सहकारी बैंक से भी उन्हें किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल पा रही है। बता दें कि राज्य शासन ने एग्रीस्टैक पोर्टल को जिला सहकारी बैंक को उपलब्ध कराया। बैंक ने जिले की सभी सहकारी समितियों में इसे शेयर किया। राज्य शासन ने जिला सहकारी बैंक को केयर एजेंसी नियुक्ति किया है, लेकिन इस एजेंसी ने किसानों को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। किसान कभी च्वाइस सेंटर तो कभी सहकारी समितियों और तहसील ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। बता दें कि 31 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन होना है। 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होनी है। शासन ने तय किया है कि जिन किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन होगा, उन्हें ही धान बेचने की अनुमति होगी। इसके कारण किसानों को घबराहट बढ़ गई है। अब भी 3 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। वे लगातार इन दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। जिला सहकारी बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। यहां तक फोन भी नहीं उठाया जा रहा है।

## शासन ने पंजीयन की डेडलाइन तय की 31 अक्टूबर, 3 हजार किसानों का पंजीयन अटका

### पुरई का किसान पिछले एक हफ्ते से काट रहा बैंक और समिति के चक्कर

पुरई निवासी किसान पिछले करीब एक हफ्ते से एग्रीस्टैक में पंजीयन को लेकर परेशान हो रहा है। उसकी पुरई में करीब 7 एकड़ जमीन है। पहले पंजीयन के नाम पर उसे तहसील और बोरीगारका समिति के चक्कर लगवाए गए। जब पंजीयन की प्रक्रिया पूरी हुई, तो पता चला कि उसकी पउवारा में स्थित करीब 2 एकड़ जमीन का पंजीयन ही नहीं हुआ है। जब उसने जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों से इस बारे में जानकारी ली, तो उसे समिति भेज दिया। समिति वालों ने च्वाइस सेंटर में अपडेट करने कहा। जहां जाकर किसान ने पुनः पउवारा की जानकारी अपडेट कराई। बाद में उसे पुनः समिति भेज दिया गया। अब पता चला है कि पुरई की जमीन का रिकार्ड गायब हो गया है, केवल पउवारा का रिकार्ड अपडेट हो गया है। अब किसान फिर से अपडेट कराने के लिए चक्कर काट रहा है।




### शिकायतों का निराकरण

आने वाली सभी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक 1.04 लाख किसानों का पंजीयन हो चुका है। बैंक ने समस्या के निराकरण के लिए एक कर्मचारी को नियुक्त किया है।
-ह्देश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी बैंक दुर्ग

### 1618 किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पाया, 3009 की जानकारी नहीं हुई अपडेट

किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के लिए 31 अक्टूबरअंतिम तिथि है। इस वर्ष धान बेचने के लिए किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसके लिए विगत कई महीनों से समितियों में च्वाईस सेंटर के द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य चल रहा है। जिला दुर्ग के अंतर्गत नवीन पंजीयन हेतु 1618 किसान शेष है तथा 3009 किसान ऐसे है जिनकी व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। संस्था की भूमि, सह-खातेदार, शासकीय पट्टेदार, नाबालिग खातेदार से संबंधित समस्याओं के कारण जिन किसानों का पंजीयन लंबित था। उनका एग्रीस्टेक पोर्टल में निराकरण करा लिया गया है। वे किसान अब समिति/च्वाईस सेंटर से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## बैठक : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण शुरू

# हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की राजनीतिक दलों से बैठक – पारदर्शी पुनरीक्षण पर जोर



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रेविशन - एसआईआर ) के दूसरे चरण की घोषणा की गई है। इस संबंध में गुरुवार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का उद्देश्य प्रत्येक योग्य भारतीय नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना है, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में कोई भी नागरिक अपने मतदान अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है।

बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई कार्यक्रम तिथियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मुद्रण एवं प्रशिक्षण कार्य : 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक घर-घर जाकर गणना चरण (फील्ड वेरिफिकेशन ) : 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन : 9 दिसंबर 2025, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि : 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक, सूचना, सुनवाई एवं सत्यापन चरण : 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन : 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदाता के रूप में पंजीयन हेतु व्यक्ति का भारत का नागरिक होना, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करना और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस तरह का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम लगभग 21 वर्षों बाद किया जा रहा है। अंतिम व्यापक पुनरीक्षण साल 2002 से 2004 के बीच हुआ था, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में यह प्रक्रिया वर्ष 2003 में पूर्ण की गई थी। श्री शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे अपने बूथ-स्तरीय प्रतिनिधियों के माध्यम से मतदाता पंजीयन कार्य में सहयोग करें और नागरिकों को अपने नाम की पुष्टि हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा लोकतंत्र में हर मत की कीमत होती है। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान सूची से वंचित न रहे। मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनावों की गारंटी है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीप्ति वर्मा, निर्वाचन शाखा के अधिकारीगण, और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित और समयसीमा में पूर्ण करें, ताकि आगामी निर्वाचन के लिए मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित रहे।

## गंज मंडी में तीन दिवसीय राज्योत्सव महोत्सव 2 से 4 नवंबर तक, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ फूड स्टॉल के लिए 10 स्थान निर्धारित

जिला प्रशासन के तत्वावधान में पुराना गंज मंडी परिसर में इस वर्ष भव्य राज्योत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय उत्सव 2 से 4 नवंबर तक चलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, कला, हस्तशिल्प, व्यंजन और स्थानीय उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों, उद्यमियों और कारीगरों के लिए रोज़गार व पहचान का उत्कृष्ट अवसर भी प्रदान करेगा। आयोजन समिति द्वारा फूड स्टॉल हेतु 10 स्थान निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक स्टॉल का किराया 1000 प्रतिदिन रखा गया है। सीमित संख्या होने के कारण प्रतिभागियों से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है। राज्योत्सव के दौरान पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत, शिल्पकला प्रदर्शन, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों का स्वाद उपस्थित लोगों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराएगा। फूड लवर्स के लिए अलग से फूड कोर्ट बनाया जा रहा है, जहाँ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ अन्य पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा। यहां स्थानीय स्वाद के साथ आधुनिक व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे।

### तैयारियों में जुटा जिला व निगम प्रशासन

जिला प्रशासन द्वारा स्थल की सजावट, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी जोरों पर है। आयोजन स्थल को पूरी तरह आकर्षक रूप देने के लिए निगम और प्रशासनिक अमले की टीमें लगातार कार्यरत हैं। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने शहरवासियों, व्यापारियों, कलाकारों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस तीन दिवसीय राज्योत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपराओं का उत्सव मनाएं।

## वैशाली नगर विधानसभा में होंगे विकास कार्य, राशि स्वीकृत

**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा वैशाली नगर विधानसभा के 08 निर्माण कार्यों के लिए 23 लाख 99 हजार 973 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसा की गई थी। वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड 7 राधिका नगर में गणेश मंदिर के पीछे सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 5 लाख और वार्ड 12 रानी अवंती बाई कोहका में शिक्षक नगर बाल उद्यान के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार वार्ड 20 न्यू वैशालीनगर, वैशालीनगर थाने के पास, बाबा दीप सिंह नगर तथा ग्राम कुरूद गोकुल नगर में सड़क का मुरूमीकरण डब्ल्यूएमएम कार्य हेतु 3-3 लाख रूपए तथा वार्ड 20 न्यू वैशालीनगर काली बाड़ी के पास सड़क के मुरूमीकरण के लिए 1 लाख 99 हजार 973 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## बस स्टैंड में बसों की धुलाई पर पूरी तरह प्रतिबंध, ऐसा करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ आयुक्त सुमित अग्रवाल ने किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बुधवार की सुबह 7:30 बजे निगम क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। भ्रमण की शुरुआत वाय शेप ब्रिज बटालियन से हुई, जो मालवीय नगर चौक, राजेंद्र पार्क चौक से होते हुए बस स्टैंड परिसर तक चली। इस मौके पर नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। आयुक्त ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी यात्री बस स्टैंड में न धुले। अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कराएं। भ्रमण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता पंकज साहू,विकास दमाहे, श्रीमती उमयन्ती ठाकुर,कर्मशाला अधीक्षक,शोएब अहमद,अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार,बाजार प्रभारी अभुदय मिश्रा, शशिकांत यादव,ईश्वर वर्मा,स्टोनो गौतम साहू,वार्ड उप अभियंता, सफाई दरोगा, सुपरवाइजर तथा संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे।

## बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल में दिलाई गई सत्यनिष्ठा की शपथ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 में विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेज़ी द्विभाषीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी तथा महाप्रबंधक शुभा बंछोर थे। महाप्रबंधक दीप्ति राज ने स्वागत भाषण व उप महाप्रबंधक अंशुमन सिंह ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेकर भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दीप्ति राज ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहन उपहार प्रदान किए।

## हर बुधवार चलेगा राजस्व वसूली अभियान

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में प्रत्येक बुधवार राजस्व वसूली अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य निगम के बकाया करों की वसूली के साथ-साथ नागरिकों में राजस्व वसूली जागरुकता बढ़ाना है। बुधवार को आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वयं इस अभियान में शामिल होकर क्षेत्र भ्रमण किया और राजस्व विभाग के अमले के साथ कई करदाताओं के यहाँ पहुँचकर बकाया वसूली की स्थिति का निरीक्षण किया। बघेरा स्थित परमेश्वरी देवांगन समाज ने 3.54 लाख रुपए जमा कराया। जनकल्याण समिति बघेरा के माध्यम से वार्ड 56 स्थित भवन का संपत्तिकर, यूज़र चार्ज एवं अन्य शुल्क के रूप में निगम को सौंपी गई। जांच के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा, जयदेव सहित अन्य मौजूद थे।

## हॉस्पिटल सेक्टर-9 में रह रहे परिवारों को नहीं मिल रहा श्रम कानून का लाभ, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



हॉस्पिटल सेक्टर-9 में निवासरत परिवारों को श्रम कानून का लाभ नहीं मिल रहा है। इसे लेकर लगातार उनके द्वारा शिकायत भी की जा रही है। मेहनतकश आवास अधिकार संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर-9 से संबंधित मामला, जिसे वर्ष 2016 से स्थगन प्राप्त था। उसकी अंतिम सुनवाई जुलाई 2025 में उच्च न्यायालय बिलासपुर में हुई। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि प्रकरण को पहले निचली अदालतों से होकर निपटाया जाए। इस आदेश के अनुसार बीएसपी के संपदा न्यायालय को नौ माह के भीतर मामले की सुनवाई कर अंतिम निर्णय देने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक निचली अदालत में कार्यवाही जारी है, तब तक किसी भी परिवार को उनके आवास से बेदखल नहीं किया जा सकता। इसी निर्णय को यथावत रखते हुए डबल बेंच हाईकोर्ट ने अपील को आगे नहीं बढ़ाया। उक्त आदेश के अनुपालन में वर्तमान में संपदा न्यायालय में सुनवाई चल रही है। अगली पेशी दिनांक 8 नवम्बर को निर्धारित है। वहीं 29 अक्टूबर को कुछ परिवारों की ओर से जवाब प्रस्तुत किया जाएगा। संपदा न्यायालय द्वारा निर्णय प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। स्थल पर ठेका श्रमिक निवासरत हैं। श्रम कानूनों के अनुसार श्रमिकों को आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्योग की नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है। किंतु वर्तमान में इन अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। संस्था से जुड़ी शारदा मेश्राम, अनसुईया, देवैया, चमेली, संजना, राही, अरुणा, सिंदुरिया, लक्ष्मी, सुधा, भावना, वंदना, मन्नु, झब्बु ने बताया कि श्रम कानून का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी शिकायत भी की गई है, लेकिन सुविधाओं का अभाव है।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्य के लिए 14.98 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जनपद पंचायत दुर्ग तथा नगर पंचायत पाटन में विकास कार्यों के लिए 14.98 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रमशः क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग जिला दुर्ग तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत चंदखुरी केनाल पारा दुर्ग कॉमन वर्क शेड, कव्हर्ड सिटिंग एरिया तथा डोम शेड निर्माण हेतु 7 लाख रूपए एवं नगर पंचायत पाटन अंतर्गत इंदिरा नगर वार्ड 2 बठेना रोड के पास सामुदायिक केन्द्र, कम्युनिटी हॉल भवन निर्माण में 7 लाख 98 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### प्रतियोगी परीक्षा : साक्षात्कार की तैयारी पर चर्चा

**दुर्ग।** शासकीय वीवाईटीपीजी



स्वशासी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित ज्ञान चेतना व्याख्यान माला के अंतर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्व और इसके आधुनिक दुनिया में प्रासंगिकता के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सीएससी एमए डॉ. गौरव शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. शर्मा ने अपने व्याख्यान में भुगतान प्रणालियों के विकास, सर्टिफाइड इंफॉर्मेशन सिस्टम ऑडिटर की भूमिका, सूचना प्रणालियों और नेटवर्क का महत्व, साइबर हमलों के प्रकार, और भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के संबंध में कानूनी वातावरण जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया। व्याख्यान में डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया और साइबर खतरों से बचाव के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर बल दिया गया। डॉ. शर्मा की विशेषज्ञता और आकर्षक प्रस्तुति शैली ने सत्र को जानकारी पूर्ण और आकर्षक बना दिया।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज होगा यूनिटी मार्च

**भिलाई।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च पद यात्रा के रूप में मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय दुर्ग में शुक्रवार को सुबह 8 बजे यूनिटी मार्च कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक दुर्ग में सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला पंचायत और महापौर, जिला प्रशासन, सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर मल्यार्पण करेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र/ 118/ प्र.1/ तह. / 2025
रा.प्र.क्र ....... वर्ष 2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता निवासी ग्राम बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार साहू पिता बंशीराम साहू निवासी वार्ड नं. 21 मस्जिद वार्ड बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा नया साहूकारी लायसेंस प्रदान करने आवेदन पत्र, इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध मे यदि किसी संस्था / विभाग को दावा / आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख दिनांक 16/11/2025 तक इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा,
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

## पेज 9 के शेष

### बदहाल गौशाला में भूख-प्यास ...

भी पता चला है कि ग्राम पंचायत सहसपुर फंड से 30 से 40 हजार रुपए निकालकर गाय के चारा के नाम पर कुछ हजार रुपए खर्च कर पैसे को पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा डकार लिए जाने की चर्चा भी हो रही हैं। जब इस संबंध में पंचायत सचिव राजेश पटेल से पूछा गया तो उन्होंने पंचायत फंड के उपयोग पर साफ इनकार किया। सोशल मीडिया के माध्यम से गौठान कि जानकारी लेने देवकर पुलिस और गौ - सेवा खंड स्तरीय साजा के सदस्य चंदन साहू, कान्हा शर्मा सहित लगभग 20 कि संख्या में गौ वंश प्रेमी मामले कि वास्तविकता जानने के लिए बुधवार शाम 5 बजे सहसपुर गौठान पहुंचे। इस पर सदस्यों ने कहा कि चारा के अभाव और बदइंतजामी के कारण 3 गायों का शव वहां मिला। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि ऐसी घटना कि पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों ने स्वीकार किया कि दीपावली पर्व के कारण चारे कि व्यवस्था नहीं कर पाए ,अब ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी। इस पूरे घटना क्रम से क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू को अवगत कराया गया। इस पर ईश्वर साहू ने कहा कि आपके द्वारा मुझे इसकी जानकारी हुई है। उचित संसाधन के लिए प्रशासन से बात करने कि बात कही।

### अभद्र टिप्पणी से नाराज अग्रवाल ...

जिसकी थान खम्हरिया के अग्रवाल समाज भर्त्सना करती है।आज महराज अग्रसेन जी,श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और सिंधी समाज के अराध्य भगवान झूलेलाल के प्रति आपत्तिजनक बयान पर आक्रोशित नगर के सर्व समाज ने अमित बघेल की बयान का कडे शब्दो मे निंदा करते हुए सक्षम कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालो मे राजेन्द्र बिन्दल,सुरेश सिंघानिया, अशोक बिन्दल,गोपाल कागलीवाल,चंदन अग्रवाल,पुरूषोत्तम अग्रवाल,गौरव बिन्दल,रवि बिन्दल,अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया,रौनक मुरारका,आशीष राज सिंघानिया,दीपक अग्रवाल,शिव केडिया,आशीष अग्रवाल,हरि अग्रवाल,विकास बंसल,संजय सिंघानिया,संजय अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल,सांकेत सिंघानिया, उजज्वल सिंघानिया, निखिल आग्रवाल, विकास अग्रवाल,सुभम केडिया, निखलेश जैन,ललिथ जैन,रमेश जैन, पियुष जैन,कपिल सिंघानिया, देवेन्द्र सिंघानिया,पवन मुरारका, हरीश डोकानिया, श्यामसुन्दर अग्रवाल सहित बडी संख्या मे आग्रोहा समाज लोग शामिल थे।

### हिट एण्ड रन केस में नया ...

बलमीत सिंह सलूजा द्वारा दी गई शिकायत

1. प्रांजल तिवारी 2. प्रवीन उर्फ नीलू राजपूत, पूर्व पार्षद 3. योगेश वर्मा, 4. अतुल साहू 5. अजय राज सेन, 6. रानू वर्मा, 7. वैभव मिश्रा, 8. वसीम मुनीर 9. अभिनव ठाकुर 10. शिवम दानी 11. अनमोल गगन 12. अभिषेक उर्फ प्रियांशु शर्मा 13. सिद्धार्थ दीवान

### डिजिटल क्रॉप सर्वे में ...

ने तय कर दिया था। इधर राजस्व सुधार कार्य में तकनीकी परेशानीयां सामने आने के चलते त्रुटि सुधार कार्य उचित ढंग से नही हो पा रहा है। राजस्व विभाग ने त्रुटि सूधार हेतु अलग से एप तैयार किया है। वही उक्त कार्य के लिए प्रदेश स्तर पर जारी डिजिटल क्राप सर्वे एप के माध्यम से ही सुधार होना है जिसमे काफी विसंगति दिखाई दे रहा है। राजस्व विभाग द्वारा करायी गयी सर्वे कार्य मे आधिकांश स्थानो पर धान की जगह टमाटर तो कही शून्य अंकित किया गया। छिससे किसान काफी परेशान है। त्रुटि सुधार कार्य हेतु पटवारीयों के मुख्यालय में नही रहने से भी किसानों को भटकते हुए देखा गया है, कुल मिलाकर धान खरीदी करने पूर्व किये गये सर्वे कार्य को लेकर तहसील क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धान उपार्जन केंद्र के लिए सुरक्षित भूमि से अतिक्रमण हटाया



**साजा।** राजस्व का अमला नायब तहसीलदार उमेश कुमार लहरी पटवारी आर आई पुलिस सहित केशतरा धान उपार्जन हेतु प्रस्तावित स्थान खसरा नंबर 739-रकबा 0.45 हे, 738 रकबा 0.15 हे और 737 रकबा 0.26 हे से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की। लंबे समय से ग्रामीण अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे। इस अवैध कब्जा के हटने से अब धान खरीदी के लिए सुरक्षित की गई जगह कब्जा मुक्त हो गई। कार्रवाई के दौरान गांव के पंच सरपंच सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रीष्म ऋतु में धान की उपज नहीं लेना स्वागत योग्य लेकिन समस्या का हल नहीं : आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा है



कि जिले के पंचायतों के साथ किसानों ने जो ग्रीष्म ऋतु में दूसरी फसल के रूप में धान की फसल नहीं लेने का जो फैसला किया है और जिस पर बेमेतरा जिला कलेक्टर ने आदेश जारी किया है। वह स्वागत योग्य है किंतु जिला प्रशासन को सजग रहना होगा। आम जनता भी इस बात को भली भांति समझ रही है कि वर्षा ऋतु में बेमेतरा जिले में अल्प वर्षा हुई है तथा पूर्व में भीषण पेयजल तथा निस्तारी के लिए जल की समस्या का सामना करना पड़ा है। जिसके लिए जनता में जागरूकता भी आई है। लोग पानी की कीमत समझ रहे हैं यही कारण है कि ग्राम पंचायत के द्वारा स्वस्फूर्त होकर दूसरी फसल के रूप में धान की पैदावार न किए जाने का निर्णय लिया गया है। किंतु आज भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई दर जिस तेजी से बढ़ रही है। लोगों को अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूरी है कि वह दूसरी फसल का उत्पादन करें इसमें प्रशासन को चाहिए कि किसानों का सहयोग करें कृषि विभाग के द्वारा गांव-गांव में कैंप लगाकर किसानों को कम पानी में अत्यधिक उपज वाली फसलों की जानकारी दी जाए साथ ही साथ उपज के लिए आवश्यक खाद एवं उर्वरक की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जाए कालाबाजारी ना हो पाए।

### अचानक बढ़ा वोल्टेज, टीवी, एसी, पंखा और कूलर सहित कई सामान जले

**सेलुद।** उत्तर पाटन के ग्राम छोटे औरी में आधा दर्जन से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को विभागीय मैदानी अमला के गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। खंबे में दो बिजली का तार चिपक गया जिससे कि अचानक वोल्टेज बढ़ा। इससे कई घरों का एसी, फ्रिज, कूलर और पंखा सहित अन्य इलेक्ट्रिक समान जल गए। इस मामले में पीड़ितों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी है। इसके बाद भी उक्त खंबे के तार को ठीक नहीं किया जा सका है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छोटे औरी में नहर पार में बिजली खंबे से तार खींचा गया है।

## 1.59 लाख किसानों ने कराया पंजीयन, 1.87 लाख हेक्टेयर रकबा हुआ दर्ज

# एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट से पारदर्शी पंजीयन- बेमेतरा में 1.59 लाख किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ धान खरीदी की तैयारी पूरी

आगामी धान खरीदी सीजन के लिए राज्य शासन द्वारा एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। इस योजना के तहत प्रदेश भर के किसानों को एकीकृत (यूनिफाइड) किसान पोर्टल में पंजीकृत किया जा रहा है, ताकि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिल सके। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। एग्रीस्टैक के माध्यम से किया गया पंजीयन ई-केवाईसी आधारित होता है, जिससे दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है और किसानों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है।

प्रशासन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था इस उद्देश्य से की जा रही है कि कृषकों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से प्राप्त हो सके। इसके लिए राज्य शासन ने एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया है, जिसमें प्रतिवर्ष 01 जुलाई से 31 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया संचालित की जाती है। इस वर्ष भी खरीफ सीजन हेतु यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाएगी। इस बार किसान पंजीयन की प्रक्रिया में कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टैक की फार्मर रजिस्ट्री से ऐपीआई के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा, जो पूरी तरह से ई-केवाईसी आधारित होगा। साथ ही, राजस्व विभाग द्वारा संधारित 'भुइयाँ पोर्टल' में दर्ज किसानों की भूमि जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को भी आधार सीडिंग के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है। जिले के कॉमन सर्विस सेंटर के साथ-साथ सहकारी समितियों के माध्यम से भी किसान आईडी बनाई जा रही है। गतवर्ष धान विक्रय करने वाले कुल 1.57 लाख कृषकों की तुलना में इस वर्ष अब तक 1.59 लाख अर्थात 101% कृषकों का पंजीयन धान खरीदी हेतु किया जा चुका है। साथ ही जिले के 1.64 लाख कृषकों की एग्रीस्टैक किसान आईडी भी बनाई जा चुकी है। अतः धान विक्रय हेतु इच्छुक सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे सहकारी समितियों, सीएससी केंद्रों तथा संबंधित पटवारियों से संपर्क कर अपनी एग्रीस्टैक किसान आईडी बनवाएं। जिन किसानों द्वारा अभी तक अपने सभी खसरों को एग्रीस्टैक आईडी से नहीं जोड़ा गया है, वे तत्काल सहकारी समिति, पटवारी या तहसीलदार से संपर्क कर शेष खसरों को जोड़वाएं, ताकि सभी पंजीकृत खसरों में उत्पादित धान का विक्रय किया जा सके।जिले में पंजीकृत धान रकबा 1.87 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो जिले के कृषकों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक टीम की तत्परता को दर्शाता है।

## प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन से प्रज्ञा निर्वाणी की सौजन्य भेंट



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन से प्रदेश कार्यालय में सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात आगामी राज्योत्सव समारोह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों के संदर्भ में हुई। भेंट के दौरान महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेशभर से महिलाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिले के संगठनात्मक ढांचे, महिला मोर्चा की भूमिका और जनसंपर्क गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की।

श्री जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में नए युग का निर्माण कर रहा है, और छत्तीसगढ़ की महिलाएँ इस परिवर्तन यात्रा की मजबूत आधारशिला हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी की धर्मपत्नी प्रसन्ना अवस्थी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है, और भाजपा के प्रयासों से यह शक्ति राष्ट्र निर्माण की धारा में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने महामंत्री यशवंत जैन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार महिला जिला अध्यक्ष ललिता साहू की अगुवाई में प्रधानमंत्री के आगमन के अवसर पर बेमेतरा जिले से महिलाओं का विशाल दल रायपुर पहुंचेगा, जो मातृशक्ति की सामूहिक उपस्थिति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा की मंत्री संध्या परगनिहा भी ग्रामीण महिला कार्यकर्ताओं से स्वयं संपर्क कर कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने लगातार संपर्क बनाये हुए है।

## सिंघौरी स्कूल में अक्षय नवमी पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ शिक्षक एंव बच्चे मिलकर विधिविधान से की आंवले पेड़ की पूजा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में आंवला नवमीं पर्व मनाया गया। यह पर्व शिक्षक सहित सभी बच्चों ने पेड़ की पूजा अर्चना कर मनाया। इस पर्व के बारे मे संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि आंवला के पेड़ की पूजा मुख्य रूप से पौराणिक मान्यताओं, धार्मिक महत्व और स्वास्थ्य लाभों के कारण की जाती है।

मान्यताओं के अनुसार, आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु, शिव और ब्रह्मा सहित कई देवताओं का वास होता है, और इसकी पूजा से सुख, संपत्ति और उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। इसके अतिरिक्त, आयुर्वेद के अनुसार, आंवला को एक अत्यंत स्वास्थ्यवर्धक फल माना जाता है, जिसे 'अमृत फल' भी कहा जाता है।सरस्वती साहू ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि तुलसी श्री हरि विष्णु को अत्यंत प्रिय है और बेल भगवान भोलेनाथ को अतः आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिह्न मानकर मां लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष की पूजा संपन्न की, जिस दिन पूजा की उस दिन नवमी तिथि थी और उसी दिन से इसे आंवला नवमी कहा गया। मां लक्ष्मी की पूजा से प्रसन्न होकर श्री विष्णु और शिव प्रकट हुए।ऐसा माना गया है कि अक्षय नवमी से ही सत्य युग की शुरुआत हुई थी। इसलिए अक्षय नवमी के दिन को सत्य युगादि भी कहा जाता है।इस दौरान मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक सहित सरस्वती साहू,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,साजन वर्मा सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत की सामान्य सभा बैठक में शामिल हुऐ विधायक ईश्वर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू के अध्यक्षता में जनपद पंचायत के सभा कक्ष में जनपद सदस्यो एवं सभी विभागों के अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें प्रमुख बिंदु में चर्चा कर प्रस्ताव पास किया। जिसमें प्रमुख रूप से 2022 से 2025 तक हुऐ महिला बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भर्ती कि जांच 2007-8 के आस पास हुऐ शिक्षक कर्मी भर्ती कि जांच के लिए जनपद सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया एवं सभी विभागों कि समीक्षा किया निर्माण कार्य को जल्द पुर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से साजा विधायक ईश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू,जनपद उपाध्यक्ष नारद वर्मा,विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, एसडीएम हर्ष लता वर्मा जनपद सीईओ सोमनाथ साहू सहित जनपद सदस्य नागेश्वर वर्मा ओमकेश्वरी साहू रेखा हेमंत साहू, रामायण निषाद,रघुविर नेताम, बल्ला पटेल, गणेश सिन्हा,राजेश कुलदीप राजपूत,नंदकुमार साहू कल्याण दास जांगड़े लक्की ,डाकवर पटेल, उपस्थित रहे बैठक में सभी विभाग के प्रमुख उपस्थित रहे जनपद पहुंचे विधायक का सीईओ सोमनाथ साहू ने स्वागत किया ।



## कल महतारी चौक में होगा भव्य महाआरती व रंगोली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण

राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में है। इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बेमेतरा में 1 नवम्बर को महतारी चौक मे आयोजित होने वाले भव्य महाआरती एवं रंगोली प्रतियोगिता के सम्बन्ध मे हो रहे तैयारियों का जायजा लिया। दरअसल, रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव को भव्य बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा, पार्षद नीतू कोठारी व नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष सिन्हा ने गुरुवार को महतारी चौक की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अफसरों से कहा कि सभी जरूरी कामकाज समयसीमा में पूरा कर लेंवे. कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता, सजावट और व्यवस्था की सभी तैयारियों का स्वयं स्थल पर पहुँचकर अवलोकन किया, ताकि यह आयोजन हमारे छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और एकता का प्रतीक बन सके।

## खुशी सबसे बड़ी दवाई, अपनी खुशी का रिमोट दूसरों को न दें : ब्रह्माकुमारी पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुरानी बातों को पकड़ कर रखने से खुशी गायब हो जाती है । बातों, घटनाओं, सीन को मन बुद्धि में पकड़कर रखने से अल्सर, एसीडिटी, ब्लडप्रेशर, इत्यादि बीमारियां आयेंगी, तनाव बढेगा । इससे बचने के लिए यह संकल्प दृढ़ करें /"छोड़ो-छोड़ो, कोई बात नहीं, आगे बढ़ो।

खुद को समझाईये। जीवन का लक्ष्य प्रेम, खुशी, आनंद में है। पकड़कर रखेंगे तो ईश्वर जो अवसर दे रहा है उसका आनंद नहीं ले पायेंगे। उक्त बातें इंदौर से पधारी प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन (सी.एस.) ने ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा के तत्वावधान में मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव निःशुल्क शिविर के दूसरे दिन के सत्र में कही। आपने आगे कहा कि खुश रहने के लिए मूल बात यह याद रहे कि सुख-दुःख, मान-अपमान, स्वस्थ व व्याधिग्रस्त शरीर इसी में खुश रहने का रास्ता निकालना है। अपनी खुशी का रिमोट दूसरों को न दें । खुशी दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है । यह ऐसी दौलत है जिसे आप पैसों से खरीद नहीं सकते । खुशी को डॉक्टर दवाई भी कहते हैं क्योंकि मन की खुशी दवा का काम करती है। मन खुश रहने से शरीर में इनडार्फिन हार्मोन निकलता है जिससे नींद अच्छी आती है, मन शांत रहता है, उमंग-उत्साह बना रहता है। ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी शशि दीदी ने सभी अतिथियों और नगर वासियों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम पंचायत विकास योजना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण में हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ ग्राम पंचायतों को जल प्रबंधन और समावेशी विकास की दिशा में मिल रहा नया मार्गदर्शन

जल समृद्ध जिला बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के बेरला विकासखंड में "जल समृद्ध बेमेतरा एवं ग्राम पंचायत विकास योजना" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स तैयार करना तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत फैसिलिटेटर्स, जीपीपीएफटी सदस्यों और पंचायत टीमों को समुदाय आधारित समावेशी योजना निर्माण की प्रक्रिया में सक्षम बनाना था, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत अपनी आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुसार ठोस विकास योजना तैयार कर सके।

पहले दिन का सत्र बेरला ब्लॉक कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित हुआ। इसमें विषय विशेषज्ञ गौरव वशिष्ठ (प्रदान रायपुर), पारसनाथ यादव (वाटरशेड एक्सपर्ट, समर्थ ट्रस्ट) और सौम्य रंजन (प्रबंधक–आजीविका एवं अभिसरण, प्रदान रायपुर) ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जल संरक्षण, संसाधन प्रबंधन और ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की विस्तृत सैद्धांतिक जानकारी दी। साथ ही, आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। दूसरे दिन प्रतिभागियों ने रेवे ग्राम पंचायत का दौरा किया, जहां उन्होंने पीआरए तकनीक, जीआईएस टूल्स और जीपीडीपी प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। इस दौरान सरपंच, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य फोकस समावेशी और सतत विकास योजना निर्माण पर रहा, जिसमें समाज के सभी वर्गों — वंचित, निराश्रित महिलाएं, दिव्यांगजन एवं अन्य समूहों — की आवश्यकताओं को स्थानीय संसाधनों से जोड़ने पर बल दिया गया।

### जल समृद्ध बेमेतरा की ओर बढ़ता कदम

जनपद पंचायत बेरला के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन निश्चित रूप से "जल समृद्ध बेमेतरा" के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेमेतरा श्री शिशिर शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के सभी सत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सीखे गए बिंदुओं को जमीनी स्तर पर लागू करने से पंचायतों में सतत विकास का नया अध्याय आरंभ होगा। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत बेरला के तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, सरपंच, सचिव एवं महिला सक्रिय सदस्य (सीएलएफ) बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर की

आंतरिक सुरक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को किया याद, परिजनों से मिले पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीद ल भास्कर धर दीवान एवं मुकेश वर्मा को गृह ग्राम में नमन कर दी गई श्रद्धांजलि




छत्तीसगढ़ राज्य की आंतरिक सुरक्षा में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवान के परिवारजनों का पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला ल विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में गुरुवार 30 अक्टूबर थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताला में वीर शहीद भास्कर धर दीवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस चौकी कंडरका, थाना बेरला के ग्राम कोहड़िया में शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में वीर शहीद आरक्षक मुकेश वर्मा के गृह ग्राम कोहडिया में पहुंच कर उनके परिजनों एवं ग्रामवासियों के साथ मिलकर वीर शहीदों के प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए श्रद्धांजली दी गई ।

इस अवसर पर ग्राम ताला के लाल मिश्रा, जेठूराम, छन्नू घृतलहरे, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा से प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक कुसुम कोशले, ग्राम कोहडिया, उप सरपंच तुलसी राम नायक, ग्रामीण जन नरेन्द्र नायक, किशन ठाकुर, मुकेश वर्मा, मुकेश नायक, सुरज वर्मा, स्वरूप वर्मा, तुलसी वर्मा, सुकालू वर्मा, चौकी कंडरका से प्रधान आरक्षक पोषण साहू, आरक्षक दिनेश साहू एवं सहित ग्राम ताला एवं कोहडिया में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

